# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21/7/15

भण्डार / 2015

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय हेतु निविदा वर्ष 2015

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल हेतु निम्नानुसार सामग्री क्रय / कार्यो हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:-

| स0क्र0 सामग्री / कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम दि0 |
|---|---|---|
| 01–लिफाफे प्रदाय हेतु निविदा | 2,000–00 | 6 / 8 / 2015 |
| 02–पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु निविदा | 500–00 | 6 / 8 / 2015 |
| 03–टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा | 500–00 | 6 / 8 / 2015 |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र की राशि का बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में देय होना चाहिए। निविदा से संबधित समस्त जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को विश्वविद्यालय की वेब साईट www.bubhopal.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य माध्यम से यह अभिलेख प्राप्त नहीं होंगे। सीलबन्द निविदाएं केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से उपरोक्त दर्शित अंतिम दिनांक तक विश्वविद्यालय में प्राप्त की जाएंगी। सीलबन्द निविदाएं उपकुलसचिव (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, होशंगाबाद रोड, भोपाल–462026 के पते पर भेजा जाना चाहिए।

कुलसचिव

(1)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन निविदा – वर्ष 2015

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.nic.in से डाउनलोड करें।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव, दीक्षांत समारोह, सेमीनार, कानफ्रेन्स, खेल प्रतियोगिताओं आदि में टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा को तीन लिफाफा पद्वति से प्रस्तुत किया जाना हैं।
- (क) लिफाफा ''अ'' – जमा राशि (सुरक्षा निधि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र ''ए–0'',''ए–1'')
- (ख) लिफाफा ''ब'' – तकनीकी विवरण
- (ग) लिफाफा ''स'' – वित्तीय विवरण (दरें)

1.4 प्रत्येक लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः लिफाफा ''अ''/लिफाफा ''ब'' /लिफाफा ''स'' अंकित होना चाहिए।

1.5 उपरोक्त तीनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखे जिसके ऊपर लिखे –
''**टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष 2015**''

1.6 निविदाएँ उपकुलसचिव, (भण्डार) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल के पते पर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा ही स्वीकार की जायेंगी।

1.7 निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांकः 06-8-2015 (कार्यालयीन समय में) हैं।

1.8 निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात प्रस्तुत किये किसी भी प्रपत्र को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

1.9 अंतिम दिनांक के पश्चात अगले कार्य दिवस पर दोपहर 03:00 बजे निविदाएँ खोली जायेंगी।

1.10 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा समिति के सदस्य उपस्थित नहीं हो पाते है तो आगामी कार्यदिवस पर उन्हें खोला जायेगा।

1.11 **प्रक्रिया–1**: सर्वप्रथम लिफाफा ''अ'' सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य चेक लिस्ट एवं प्रपत्र ''ए–0'',''ए–1'' का लिफाफा खोला जायेगा।

1.111 ''अ'' लिफाफे में प्रपत्र **''ए–0'', ''ए–1''** एवं निविदा जारी होने की दिनांक के बाद बने दो बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक के (कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में देय) होना चाहिए।
- (क) निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500=00 (रूपये पॉच सौ मात्र) हैं।
- (ख) सुरक्षा निधि रूपये 25,000=00 (रूपये पच्चीस हजार मात्र) हैं।

1.112 दोनों ड्राफ्टों के पीछे फर्म की सील होनी चाहिए तथा ''**टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष 2015**'' लिखा होना चाहिए ।

1.113 उपरोक्तानुसार सही ड्राफ्ट तथा प्रपत्र ''ए–0'',''ए–1'' मिलने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा। उपरोक्त ड्राफ्ट लिफाफा ''अ'' में न रख कर अन्य लिफाफे में रखने पर या सही नाम या राशि का ड्राफ्ट न बनाने पर भी निविदा निरस्त मानी जावेगी एवं प्रक्रिया–2 के लिए मान्य नहीं की जावेगी। (संलग्न करें प्रपत्र ''ए–0'', ''ए–1'')

1.12 **प्रक्रिया–2**: तत्पश्चात लिफाफा ''ब'' तकनीकी लिफाफा खोला जायेगा। इसमें प्रपत्र **''ए–2'', ''ए–3''**, भी होना अनिवार्य हैं। इस लिफाफे में प्राप्त समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जावेगी तथा समिति की रिपोर्ट के अनुसार जो फर्म समस्त शर्तों को पूर्ण करेगी सिर्फ उन्हें ही प्रक्रिया 3 के लिए योग्य माना जावेगा। (संलग्न करें प्रपत्र ''ए–2'', ''ए–3'',)

1.13 **प्रक्रिया–3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा लिफाफा ''स'' खोला जावेगा। लिफाफा ''स'' में प्रपत्र ''ए–4'' रखना अनिवार्य हैं। (प्रपत्र ''ए–4'')

(2)

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 संस्था द्वारा पिछले पांच वर्षों (2014, 2013, 2012, 2011, 2010) में से कम से कम तीन वर्षों में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें।

2.2 पिछले तीन वर्षों (2014, 2013, 2012) में से किन्ही दो वर्षों में न्यूनतम 20 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म की पिछले दो वर्षों का टर्न ओव्हर की चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता फर्म को सर्विस टैक्स के लिए सक्षम अधिकारी से पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

2.4 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय।

2.5 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा**।

2.6 (क) वैध एस0टी0 (TIN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। (लिफाफा "ब")
(ख) आयकर (PAN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। (लिफाफा "ब")
(ग) वाणिज्यक कर प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। (लिफाफा "ब")
(घ) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। (लिफाफा "ब")
(ड.) सर्विस टैक्स के प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें (लिफाफा "ब")

2.7 इनकम टैक्स के पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष 2014–15, 2013–14, 2012–13 का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.8 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 500=00 वापसी योग्य नहीं हैं।

2.9 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा में दर्शित दोनों प्रकार के कार्य हेतु, भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन की दर सूची जो कि टेन्ट कार्य हेतु दिनांक 1–01–2014 से प्रभावशील हैं। इसी प्रकार लाईट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची जो कि लाईट के कार्य हेतु दिनांकः 01–04–1998 से प्रभावशील हैं। दोनों प्रकार के कार्य को मिलाकर एक ही डिस्काउन्ट निविदा में दर्शित किया जाना आवश्यक हैं। टेन्ट तथा लाईट कार्य हेतु पृथक–पृथक डिस्काउन्ट दर्शित करने पर निविदा आमान्य कर दी जावेगी ।

(3)

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को राजसात किया जा सकेगा।

3.2 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.3 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.5 निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रदाय की जाने वाली टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री अच्छी स्थिति में, साफ सुथरी एवं उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिए। गन्दी, पुरानी तथा खराब टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री का उपयोग विश्वविद्यालय के कार्य हेतु किये जाने पर धरोहर राशि जब्त कर भुगतान देयक से निविदा में दिए विवरण अनुसार यथोचित कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।

3.6 टेन्ट हेतु भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन एवं लाईट डेकोरेशन हेतु टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल की नवीनतम दर सूची (निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न) पर निविदाकर्ता द्वारा देय अधिकतम डिस्काउन्ट के आधार पर निविदा का निर्णय लिया जाएगा। वाटरप्रूफ टेन्ट की दर पृथक से दर्शित कर डिस्काउन्ट वित्तीय निविदा में अंकित करें।

3.7 भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन एवं टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची में अन्य उल्लेखित नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं होंगी।

3.8 निविदा में स्वीकृत सूची के अतिरिक्त यदि किसी सामग्री की आवश्यकता होती है, तो कि शासकीय (केन्द्रीय/राज्य) संस्था की स्वीकृत निविदा की दरों अथवा न्यूनतम 3 व्यवसायिक संस्थानों की प्रचलित दरों की तुलना कर, उनमें से न्यूनतम दर को मान्य किया जावेगा।

3.9 प्रदाय टेन्ट सामग्री एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से यथोचित कटौति निविदा में दिए विवरण अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

3.10 टेन्ट सामग्री फिटींग एवं लाईट डेकोरेशन कार्य में नियोजित कारीगर एवं श्रमिकों को श्रम नियमों के अन्तर्गत् न्यूनतम वेतन अधिनियम के अधीन वेतन देने तथा ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 एक्ट, कान्ट्रेक्ट लेबर एक्ट के प्रावधानों (इनमें से जो भी लागू हो) के अनुपालन में समस्त जिम्मेदारी निविदाकर्ता फर्म की होगी। फर्म द्वारा बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जाएगा।

3.11 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग तथा फिटिंग कार्य हेतु कारीगर एवं श्रमिकों की व्यवस्था फर्म द्वारा अपने व्यय पर की जाएगी ।

(4)

3.12 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन व्यवस्था के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय–समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा। फर्म के देयक से नियमानुसार टैक्स की कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।

3.13 यदि टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री के लोडिंग, अनलोडिंग, सामग्री फिटिंग के समय, सामग्री की त्रुटिपूर्ण फिटिंग आदि के कारण विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में कोई दुर्घटना घटित होती है तो इसका समस्त जान माल का उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा।

3.14 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री में किसी भी कारणवश हुए टूट–फूट की समस्त जिम्मेदारी निविदाकर्ता फर्म की होगी एवं इस सम्बन्ध में फर्म का कोई भी दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

3.15 आयोजन स्थल पर टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य के लिए आवश्यक बिजली एवं पानी की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। कार्य के लिए आवश्यक सामग्री सीढ़ी आदि की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

3.16 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री प्रदाय में त्रुटि या विलम्ब होने पर 2% से 10% की राशि की कटौति फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक की जावेगी। (दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.17 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय द्वारा बताए गए स्थान पर होगी।

3.18 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देंवें।

3.19 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि के ड्राफ्ट मूलतः लौटा दिए जायेंगे।

3.20 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.21 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के निविदाकर्ता सीलबन्द निविदा के ऊपर एवं निविदा प्रपत्र के ऊपर स्पष्ट रूप से वर्ग अंकित करे एवं अपने विशेष पंजीयन की प्रतिलिपि अवश्य लगाए।

3.22 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.23 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.24 निविदाकर्ता द्वारा सेफ्टी नार्मस का पालन करना होगा।

3.25 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.26 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.27 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

(5)

## भाग – 4
## टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री का विवरण

(अ) टेन्ट की की दर सूची:–

पंजीयन क्रमांक : 10589/2002

# भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन

(सम्बद्ध फेडरेशन ऑफ म.प्र. टेन्ट एसोसियेशन)

**रेट लिस्ट 01/01/2014 से प्रभावशील**

रेट प्रतिदिन प्रति नग

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाईप वाल रनिंग फुट | 30/- | फॉम चेयर | 100/- | गैस भट्टी | 200/- |
| पाईप पंडाल 15' ऊंचाई 8/- प्रति वर्गफुट | | फॉम सोफा 2 सीटर | 300/- | गैस भट्टी डबल | 300/- |
| पाईप पंडाल 10' ऊंचाई 6/- प्रति वर्गफुट | | सोफा 3 सीटर | 500/- | भगोना बड़ा | 100/- |
| कनात | 100/- | सोफा कवर | 100/- | कढ़ाई | 100/- |
| दरी 8' x 10' | 50/- | स्टेज चेयर | 300/- | परात | 100/- |
| बिछात प्रति वर्गफुट | 1.20/- | वेडिंग चेयर जोड़ा | 1100/- | तई | 100/- |
| परदा 15' x 10' | 200/- | तख्त डेढ़ फिट (वर्गफुट) | 10/- | ट्रे | 20/- |
| गलीचा वूलन वर्गफुट | 6/- | तख्त तीन फिट (वर्गफुट) | 15/- | बाल्टी | 20/- |
| रौल मेटिंग वूलन वर्गफुट | 6/- | तख्त 5 फिट एवं 6 फिट | 30/- | हमाम दस्ता | 20/- |
| सिन्थेटिक कारपेट वर्गफुट | 2/- | स्टेज सीढ़ी डेढ़ फिट | 100/- | रायतादान/सागदान | 10/- |
| सिन्थेटिक प्रिन्टेड कारपेट वर्गफुट | 3/- | स्टेज सीढ़ी तीन फिट | 200/- | ग्लास स्टैंड | 10/- |
| टेबल क्लाथ 4' x 6' | 20/- | वाश बेसिन स्टील | 300/- | जग | 10/- |
| टेबल क्लाथ 4' x 10' | 40/- | पंखा | 200/- | थाली सेट | 10/- |
| टेबिल | 40/- | कूलर | 500/- | फुल प्लेट | 3/- |
| टेबल फ्रिल | 50/- | पाईप गेट | 500/- | फुल प्लेट एक्रेलिक | 6/- |
| गद्दा | 15/- | पाईप स्टाल | 300/- | डोंगा | 8/- |
| गद्दा फोम | 40/- | मण्डप | 500/- | राईस (प्लेट) | 8/- |
| रजाई | 20/- | कॉफी मशीन (3 घण्टे) | 500/- | ग्लास (कांच) | 2/- |
| रजाई कवर | 20/- | सेंट स्प्रे मशीन | 1100/- | कटोरी | 1/- |
| तकिया मय कवर | 10/- | पाईप कवर | 20- | टी/टेबल स्पून | 1/- |
| रंगीन चादर बिस्तर | 15/- | शैफिंग डिश (बिना फ्यूल) | 100/- | सर्विस स्पून | 5/- |
| सफेद चादर (बिस्तर) | 20/ | शैफिंग डिश स्पेशल (बिना फ्यूल) | 200/- | राईस स्पून | 5/- |
| लोड मय कवर | 20/- | खाना पट्टी | 20/- | करछी | 5/- |
| कम्बल | 20/- | ड्रम | 50/- | डस्टबिन | 50/- |
| कम्बल कवर | 15/- | स्टील टंकी | 50/- | कुर्सी कवर | 20/- |
| पलंग | 60/- | टी कन्टेनर | 150/- | कुर्सी बो | 10/- |
| कुर्सी फ्यबार | 15/- | टब | 50/- | साईड एण्ट्री | 100/- |

(ब) वाटरप्रूफ टेन्ट की दर:–

| सामग्री | दर |
|---|---|
| वाटरप्रूफ टेन्ट प्रतिवर्गफुट | ________ |

टीप:– फर्म द्वारा वाटरप्रूफ टेन्ट की दर अंकित की जाना है।

(6)

(स) लाईट सामग्री की दर सूचीः–

पंजीयन क्रमांक : 00000000000

# टैन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल

**रेट लिस्ट – 01.04.1998 से प्रभावशील**

**रेटप्रतिदिन – प्रति नग**

ग्रुप – A

| क्र. | सामग्री | दर |
|---|---|---|
| 1. | ट्यूब लाइट | 12.00 |
| 2. | झालर रंगीन/सफेद 6.2 V | 12.00 |
| 3. | निवार 6.2 बड़ी | 80.00 |
| 4. | निवार 6.2 छोटी | 40.00 |
| 5. | झूमर छोटा 230 V | 20.00 |
| 6. | झूमर मीडियम | 35.00 |
| 7. | झूमर बड़ा | 40.00 |
| 8. | झूमर 3 बल्ब 230 V | 30.00 |
| 9. | झूमर बड़ा स्पेशल | 100.00 |
| 10. | हैलोजन लाईट | 60.00 |
| 11. | फिलड लाइट 500 | 35.00 |
| 12. | झूमर छोटा 110 V | 20.00 |
| 13. | झूमर मीडियम 110V | 40.00 |
| 14. | झूमर बड़ा 100V | 50.00 |
| 15. | झूमर 3 बल्ब 110V | 70.00 |
| 16. | झूमर स्पेशल 110V | 115.00 |
| 17. | निवार सेट | 201.00 |
| 18. | महफिल झूमर | 400.00 |
| 19. | हण्डी | 30.00 |
| 20. | राइस लाइट | 30.00 |
| 21. | रोप लाइट | 30.00 |
| 22. | बल्ब 100/60W 100V | 12.00 |
| 23. | मरकरी वेपर लैम्प | 80.00 |
| 24. | रनिंग बल्ब 15/25W | 8.00 |
| 25. | रनिंग निवार 6.02W | 120.00 |
| 26. | मिर्नीएचर बल्ब डेकोरेशन आइटम | 100.00 |
| 27. | रनिंग झूमर (सेन्ट्रल) | 40.00 |
| 28. | लैम्प पोस्ट ड्रम | 100.00 |
| 29. | ब्रेकिट झूमर | 100.00 |
| 30. | रेलिंग हट | 200.00 |
| 31. | मेटर आईलाइट 400 W/250V | 220.00 |
| 32. | सेन्टर रिंग मीनी | 100.00 |
| 33. | हेलोजन लेम्प पोस्ट | 300.00 |
| 34. | कनेक्शन चार्ज, फेन, कूलर काफीमशीन, वीडियो, फोआरा डीजल भट्टी | 200.00 प्रति कनेक्शन |
| 35. | सर्विस लाइन थ्री फैस (अधिकतम 30 मीटर) | 3000.00 |
| 36. | सर्विस लाइन थ्री फैस, कंपिल मेन स्विच 70 SQM, पेनल बोर्ड ELCB Set सहित | 9990.00 |

ग्रुप – B

| क्र. | सामग्री | दर |
|---|---|---|
| 37. | जनरेटर 5KW (बगैर डीजल) | 2000.00 |
| 38. | जनरेटर 10KW (बगैर डीजल) | 3000.00 |
| 39. | जनरेटर 40KW (बगैर डीजल) | 8000.00 |
| 40. | जनरेटर 125KW (बगैर डीजल) | 12100.00 |

ग्रुप – C

| क्र. | सामग्री | दर |
|---|---|---|
| 41. | किराये पर VVIP माइकसेट, ट्रिपल सिस्टम माइक सेट सिस्टम जनरेटर से एसी कोरी बैटरी से जनरेटर कम्पलीट सेट (वि. सेट) लाल परेड ग्राउण्ड, मोतीलाल स्टेडियम, टी.टी नगर स्टेडियम, पुरानी जेल परिसर | 137000.00 |
| 42. | किराये पर माइक सेट हेवी ड्यूटी एम्पलीफायर से सहित सिगनल आपरेटर | 5000.00 |
| 43. | किराये पर स्पीकर प्रति नग | 1100.00 |
| 44. | किराये पर VIP माइक सेट हेवी ड्यूटी स्पीकर 11 हार्न के साथ | 25000.00 |
| 45. | सी.डी. प्लेयर | 2000.00 |
| 46. | 2 स्पीकर डेक (अधिकतम 5 घण्टे) | 1000.00 |
| 47. | लाउडस्पीकर बेटरी सहित (एनाउन्समेंट के लिए) (अधिकतम 5 घण्टे) | 1000.00 |
| 48. | लाउडस्पीकर बेटरी सहित (दो हार्न एक माईक के साथ) (अधिकतम 5 घण्टे) | 1000.00 |

लिफाफा 'अ' में संलग्न करें

(7)

**प्रपत्र ए–0**
**चैक लिस्ट**

| सं0 क्रं0 | विवरण | | | जिस लिफाफे में संलग्न किया है। "अ" ☑ | "ब" ☑ | "स" ☑ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट रूपये 500=00 जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला वि0वि0, भोपाल के नाम देय है। | | | | | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट रू0 25,000=00 जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला वि0वि0, भोपाल के नाम देय है। | | | | | |
| 03 | उक्त ड्राफ्टों के पीछे लिखा हैं। "टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष 2015" एवं फर्म की सील लगी हैं। | हॉ | | | | |
| | | नहीं | | | | |
| 04 | संस्था का ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का नोटरी से सत्यापित रू0 100=00 का मूल शपथ पत्र | | | | | |
| 05 | प्रपत्र ए–1 ( निविदा प्रपत्र एवं सुरक्षा निधि ) | | | | | |
| 06 | प्रपत्र ए–2 ( संलग्नक पृष्ठ क्रं0) | | | | | |
| 07 | प्रपत्र ए–3 ( निविदा प्रपत्र) | | | | | |
| 08 | प्रपत्र ए–4 ( वित्तीय निविदा ) | | | | | |
| 09 | संस्था द्वारा पिछले पांच वर्ष (2014, 2013, 2012, 2011, 2010) में कम से कम तीन वर्षों में मान्यता संस्था का टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य का अनुभव / कार्यादेश प्रमाण पत्र | | | | | |
| 10 | पिछले 3 वर्षों (2014, 2013, 2012) में किन्ही दो वर्षों में टर्न ओव्हर 20=00 लाख का प्रमाण पत्र किसी चार्टेड एकाउन्टेन्ट से सत्यापित | | | | | |
| 11 | इनकम टैक्स असेसमेन्ट वर्ष 2014–15, 2013–14, 2012–13 का आयकर रिटर्न संलग्न हैं। | | | | | |
| 12 | संलग्न निविदा के प्रत्येक प्रपत्र पर अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील अंकित हैं | हॉ | | | | |
| | | नहीं | | | | |
| 13 | वैध एस0टी0 (TIN) नंबर की छाया प्रति | | | | | |
| 14 | आयकर नम्बर की छाया प्रति | | | | | |
| 15 | वाणिज्यिक कर प्रमाण पत्र की छाया प्रति | | | | | |
| 16 | फर्म का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति | | | | | |
| 17 | सर्विस टैक्स पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति | | | | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

लिफाफा 'अ' में संलग्न करें

(8)

## प्रपत्र ए–1
## ( निविदा प्रपत्र एवं सुरक्षा निधि )

प्रति,

कुलसचिव,

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– निविदा प्रपत्र एवं सुरक्षा निधि की राशि बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत हमारे द्वारा लिफाफा 'अ' में दो ड्राफ्ट संलग्न है जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में देय हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

(1) निविदा राशि का ड्राफ्ट मूल्य रूपये 500=00 (रूपये पाँच सौ मात्र)

राष्ट्रीयकृत बैंक का नाम ____________________

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ____________________

बैंक ड्राफ्ट दिनांक ____________________

(2) सुरक्षा निधि की राशि का ड्राफ्ट

मूल्य रूपये 25,000=00 (रूपये पच्चीस हजार मात्र)

राष्ट्रीयकृत बैंक का नाम ____________________

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ____________________

बैंक ड्राफ्ट दिनांक ____________________

प्रत्येक ड्राफ्ट के पीछे लिखा हैः–

क–"टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष 2015"

ख–फर्म की सील

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

(9)

**प्रपत्र ए–2**
**( संलग्नक पृष्ठ क्रं0)**

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत हमारे द्वारा लिफाफा 'ब' में निम्न दस्तावेज संलग्न है।

| सं० क्रं० | विवरण | | | संलग्नक पृष्ठ क्रं० से | संलग्नक पृष्ठ क्रं० तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टेण्डर फार्म प्रपत्र "ए–3" | | | | |
| 4 | ब्लेक लिस्ट न होने का मूल शपथ पत्र | | | | |
| 3 | टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य का अनुभव | | | | |
| | | **संस्था का नाम** | **वर्ष** | | |
| | (क) | | | | |
| | (ख) | | | | |
| | (ग) | | | | |
| 4 | प्रमाण पत्र | | | | |
| | | **प्रमाण पत्र** | **नंबर** | | |
| | (क) | मान्य एवं वैध एस0टी0 (TIN ) | | | |
| | (ख) | पेन (PAN) | | | |
| | (ग) | वाणिज्यिक कर (Commercial Tax) | | | |
| | (घ) | मान्य एवं वैध रजिस्ट्रेशन (Registration) | | | |
| | (ड.) | सर्विस टेक्स रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | | | |
| 5 | इनकम टैक्स प्रमाण पत्र | | | | |
| | (क) | असेस्मेन्ट वर्ष 2014–15 | | | |
| | (ख) | असेस्मेन्ट वर्ष 2013–14 | | | |
| | (ग) | असेस्मेन्ट वर्ष 2012–13 | | | |
| 6 | टर्न ओवर | | | | |
| | | **वर्ष** | **रू0** | | |
| | (क) | | | | |
| | (ख) | | | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

(10)

प्रपत्र ए–3
( निविदा प्रपत्र)

प्रति,
कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष 2015 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग ''1'', ''2'', ''3'' ''4'' में दर्शित शर्तों के अनुसार ''टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष–2015 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

लिफाफा 'स' में संलग्न करें

(11)

## प्रपत्र ए–4
## ( वित्तीय निविदा )

| सं0क्रं0 | विवरण | डिस्काउन्ट का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 01 | टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य हेतु भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन दर सूची (दिनांक 01–01–2014 से प्रभावशील) एवं टेन्ट एण्ड लाईट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची (दिनांक 01–04–1998 से प्रभावशील) में दर्शित सामग्री | |
| 02 | वाटरप्रूफ टेन्ट की दर प्रति वर्गफुट रू0__________ | |

नोटः– (1) दोनों प्रकार के कार्य को मिलाकर की दर सूची का एक ही डिस्काउन्ट प्रतिशत दिया जाना चाहिए। पृथक–पृथक दो डिस्काउन्ट मान्य नहीं होगा।

(2) दर बगैर कर की अंकित की जाये। वेट एवं अन्य कर यदि लागू हो उसका विवरण अलग से देवें ।

1–कर का नाम__________ कर की दर__________

2– कर का नाम__________ कर की दर__________

3– कर का नाम__________ कर की दर__________

4–अन्य कर का नाम__________ कर की दर__________

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

प्रतिनिधि का नाम__________

फर्म का नाम__________